

# बटाई के पैसों पर खूनी विवाद, महिला पर हमला

नवभारत न्यूज



**शिवपुरी 2 अप्रैल.** कोतवाली थाना क्षेत्र के नोहरी गांव में बटाई के पैसों को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बटाईदार दंपति पर खेत मालिक महिला के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप है। गंभीर रूप से घायल

### एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज

महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, ग्वालियर निवासी पूजा नागर ने अपनी एक बीघा जमीन नोहरी गांव में मुकेश शिवहरे को 15 हजार रुपए प्रति फसल के हिसाब से बटाई पर दे रखी थी। बुधवार को पूजा नागर चौदस की पूजा के लिए शिवपुरी आई थी और इसी दौरान उसने बटाई की रकम मांगी। आरोप है कि मुकेश शिवहरे ने उसे अपने घर बुलाकर 15 हजार की जगह 10 हजार रुपए देने की बात कही। जब पूजा ने पूरे पैसे की मांग की तो विवाद बढ़ गया। इसी दौरान मुकेश और उसकी पत्नी ने मिलकर पूजा के साथ मारपीट कर दी। बताया जा रहा है कि मुकेश ने उसके सिर पर पत्थर से वार किया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। घटना के दौरान मौके पर पहुंची एक महिला रिश्तेदार ने बीच-बचाव कर किसी तरह पीड़िता को बचाया और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी मुकेश शिवहरे के खिलाफ मारपीट सहित एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# भजन-कीर्तन और सुंदरकांड पाठ के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव

नवभारत न्यूज



**शिवपुरी 2 अप्रैल.** हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार को शिवपुरी शहर पूरी तरह भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और विशेष पूजन-अर्चन के साथ भगवान हनुमान का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

शहर के प्रमुख मंदिरों को फूलों की आकर्षक सजावट और भव्य झांकियों से सजाया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु पैदल, बाइक और चार पहिया वाहनों से बांकड़े हनुमान मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचे और पूजन के बाद प्रसादी ग्रहण की।

एबी रोड स्थित मनसापूर्ण हनुमान मंदिर में भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। यहां दिनभर भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन चलता रहा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पंचमुखी हनुमान मंदिर, तुलसी आश्रम, माधव चौक, पाताली हनुमान मंदिर, बालाजी धाम, खेड़ापति और चिंताहरण हनुमान मंदिर सहित सभी प्रमुख स्थलों पर विशेष धार्मिक आयोजन हुए। चिंताहरण हनुमान मंदिर में 21वें विशाल भंडारे और भजन संध्या का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। सुंदरकांड पाठ के बाद प्रसिद्ध भजन गायकों ने भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं, वहीं भगवान शंकर और हनुमान जी की मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुबह से देर रात तक चले आयोजनों के बीच पूरा शहर जय श्रीराम और हनुमान जी की जय के जयकारों से गूंजता रहा। हनुमान जयंती के इस पावन अवसर पर शिवपुरी में आस्था, उत्साह और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## दुल्हन की तरह सजा प्राचीन टेकरी मंदिर, रंग-बिरंगे गुब्बारों से हुई भव्य सजावट; हनुमान जन्मोत्सव पर निकला विशाल चल समारोह

**खनियांधाना।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व पूरी आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर नगर का प्राचीन टेकरी हनुमान मंदिर आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे फूलों और बिजली की आकर्षक लड़ियों से बिल्कुल किसी दुल्हन की तरह सजाया गया था। पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों से भव्य रूप में सजाया गया, जिसकी सुंदरता देखते ही बन रही थी। मंदिर की इस मनमोहक सजावट को निहारने और दर्शन करने के लिए सुबह से ही भक्तों का भारी तांता लगा रहा। इसी दिव्य स्थान से एक विशाल चल समारोह प्रारंभ हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह चल समारोह प्राचीन टेकरी मंदिर से शुरू होकर पुरानी नगर पालिका चौराहा और गांधी चौक पहुंचा, जहाँ से हिंद गली और मुसाहिब मोहल्ला होते हुए छोटे जैन मंदिर की ओर बढ़ा। नगर के मुख्य मार्गों से भ्रमण करते हुए यह जुलूस पुनः अपने उद्गम स्थल प्राचीन टेकरी मंदिर पर जाकर संपन्न हुआ। पूरे भ्रमण मार्ग के दौरान भक्ति का अद्भुत माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने अपने घरों और दुकानों के सामने खड़े होकर बड़े उत्साह के साथ हनुमान जी की आरती उतारी और प्रसाद चढ़ाया। नगरवासियों ने अपने घरों के बाहर सुंदर और आकर्षक रंगोलियां सजाई थीं। डीजे और ढोल-नगाड़ों की गूंज पर श्रद्धालु जमकर थिरके, जिससे पूरा नगर हनुमान जी की भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। चल समारोह के वापस टेकरी मंदिर पहुँचने पर भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई और फिर भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसके पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।





## एक नजर में

### पोहरी तहसील में बड़ा प्रशासनिक बदलाव, कल्याण सिंह जाटव बने तहसीलदार

**पोहरी 2 अप्रैल.** जिले में प्रशासनिक कसावट लाने और कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने बड़ा फेरबदल करते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के तहत पोहरी तहसील की जिम्मेदारी अब कल्याण सिंह जाटव को सौंप दी गई है, जिन्हें तहसीलदार का प्रभार दिया गया है। बताया जा रहा है कि कल्याण सिंह जाटव रन्नौद में नायब तहसीलदार के रूप में कार्य कर रहे थे। अब पोहरी तहसीलदार की जिम्मेदारी संभालेंगे, जिससे राजस्व कार्यों में तेजी और बेहतर समन्वय देखने को मिलेगा। वहीं, नायब तहसीलदार अजय परसेडिया को गैर न्यायालयीन कार्यों का प्रभार सौंपा गया है। इस बदलाव से कार्यालयीन कार्यों के निष्पादन में स्पष्ट जिम्मेदारी तय होगी और आमजन के कार्यों में देरी कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों का मानना है कि यह फेरबदल आगामी समय में राजस्व व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और गतिशील बनाएगा। स्थानीय स्तर पर भी इस निर्णय को एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आम लोगों को सीधा लाभ मिलने की संभावना है।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह का पोहरी में हुआ स्वागत




पोहरी। मध्यप्रदेश की राजनीति के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह का आज पोहरी आगमन हुआ, जहां ब्लॉक अध्यक्ष आफाक अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उनके आगमन से क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गरमाया नजर आया और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा पोहरी में जगह जगह स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर पुष्पमालाओं और गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं साथियों को उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त हुआ, जिससे सभी में नई ऊर्जा का संचार हुआ। यह आयोजन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धक रहा और आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ।

### शिक्षक मोतीलाल खंगार को भावभीनी विदाई



पोहरी। शासकीय एकीकृत कन्या माध्यमिक विद्यालय पोहरी में वरिष्ठ शिक्षक मोतीलाल खंगार के सम्मान में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक, स्टाफ एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे और सभी ने खंगार के कार्यकाल को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मोतीलाल खंगार ने अपने शिक्षकीय जीवन में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और छात्रों के प्रति समर्पण की मिसाल पेश की। उन्होंने न केवल एक शिक्षक के रूप में उत्कृष्ट कार्य किया, बल्कि प्रशासनिक जिम्मेदारी निभाते हुए पोहरी के बीईओ (खंड शिक्षा अधिकारी) पद की जिम्मेदारी भी सफलतापूर्वक संभाली। इस अवसर पर खंगार के परिवारजन भी उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम और अधिक भावुक एवं यादगार बन गया। सहकर्मियों ने पुष्पमालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। अंत में मोतीलाल खंगार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपने अनुभव साझा किए और शिक्षा के क्षेत्र में सदैव ईमानदारी और समर्पण से कार्य करने का संदेश दिया। समारोह का समापन भावुक वातावरण में हुआ, जहां सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### निस्सूबाड़े से सोनीपुरा तक निकली पैदल झण्डा यात्रा

पोहरी। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी पोहरी क्षेत्र में निस्सूबाड़े से सोनीपुरा स्थित हनुमान मंदिर तक भव्य पैदल झण्डा यात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। पैदल यात्रा सोनीपुरा स्थित हनुमान मंदिर पहुंची, जहां भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आस्था का झण्डा अर्पित किया। मंदिर परिसर में विशेष पूजा, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस धार्मिक आयोजन में महिला, पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही और जयकारों से क्षेत्र गूंजता रहा। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह ने पूरे पोहरी क्षेत्र को धर्ममय वातावरण में रंग दिया। यह भव्य झण्डा यात्रा क्षेत्र की परंपरा, संस्कृति और धार्मिक भावनाओं का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आई।

# किसानों का कलेक्टर कार्यालय पर घेराव, व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

नवभारत न्यूज



**शिवपुरी 2 अप्रैल.** कृषि नीतियों और व्यवस्थागत खामियों से नाराज सैकड़ों किसानों ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन एकता (सिद्धपुर) और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि समस्याएं नहीं सुलझीं तो आंदोलन उग्र होगा।

किसानों का कहना है कि मंडियों में लागू ऑनलाइन प्रक्रियाएं अब सहूलियत के बजाय परेशानी का कारण बन गई हैं। बायोमेट्रिक सत्यापन, वाहन पंजीकरण और ई-टोकन जैसी व्यवस्थाएं इतनी जटिल हैं कि किसानों को समय पर उपज बेचने में दिक्कत हो रही है, जिससे आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सभी फसलों की गारंटी के साथ खरीद सुनिश्चित करने की मांग उठाई। साथ ही गेहूं उपार्जन की तारीख बार-बार बदलने पर नाराजगी जताते हुए 7 अप्रैल 2026 से खरीद शुरू करने और प्रति बीघा 10 से 11 क्विंटल खरीद सुनिश्चित करने की मांग रखी। कर्ज और फसल भुगतान के बीच असंतुलन भी किसानों के गुस्से की बड़ी वजह बना। किसानों ने कहा कि जब उपज का भुगतान देर से होता है, तो ऋण और बिजली बिल वसूली के लिए दबाव बनाना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कम से कम एक माह की अतिरिक्त मोहलत देने की मांग की। इसके अलावा खाद वितरण में गड़बड़ी, यूरिया की गुणवत्ता, डीबीटी प्रणाली से बढ़ता आर्थिक बोझ, आलू किसानों के लिए राहत पैकेज और नरवाई प्रबंधन में कार्रवाई रोकने जैसे मुद्दे भी जोरशोर से उठाए गए। प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में किसानों ने साफ चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक व उग्र किया जाएगा।

# पोहरी में कांग्रेस संगठन की नई टीम घोषित, मंडल अध्यक्षों की सूची जारी

नवभारत न्यूज

**पोहरी 2 अप्रैल.** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल के मार्गदर्शन में पोहरी ब्लॉक कांग्रेस संगठन की नई टीम घोषित कर दी गई है। जिला संगठन महासचिव की सहमति से ब्लॉक अध्यक्ष आफाक अंसारी द्वारा प्रस्तावित मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की गई।

पोहरी ब्लॉक के विभिन्न मंडलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है, जिनमें अंकित राजे (पोहरी), परिक्षत कुशवाह (पोहरी ग्रामीण), उत्तम गुर्जर (डांगबर्वे), सोनू खान (भटनावर), सुनील धाकड़ (पिपरघार), सत्यपाल धाकड़ (देवरी खुर्द), सुमरन यादव (परिच्छा) तथा सुनील शर्मा (बमरा) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ब्लॉक अध्यक्ष आफाक अंसारी ने बताया कि संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक कांग्रेस की पकड़ मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नव-नियुक्त मंडल अध्यक्ष संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। स्थानीय कार्यकर्ताओं में इस घोषणा के बाद उत्साह का माहौल देखा जा रहा है और सभी ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# आखिरी छोर तक शिक्षा की अलख, कलेक्टर चौधरी खुद पहुँचे अहैरा की आदिवासी बस्ती

नवभारत न्यूज





**शिवपुरी 2 अप्रैल.** जिले में प्रवेश उत्सव को जमीनी स्तर तक ले जाने की मंशा इस बार साफ नजर आई, जब कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी प्रशासनिक अमले के साथ 80 किलोमीटर दूर आदिवासी बस्ती अहैरा पहुंचे। उनकी यह पहल न सिर्फ प्रतीकात्मक रही, बल्कि दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का मजबूत संदेश भी दे गई। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालय शिवपुरी में आयोजित हुआ, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा यादव, विधायक देवेंद्र जैन, शिक्षा समिति अध्यक्ष अमित पड़रिया, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम में भोपाल से प्रसारित राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव का लाइव प्रसारण दिखाया गया। मंच से शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए हर बच्चे का नामांकन सुनिश्चित करने की अपील की गई। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने स्पष्ट कहा कि प्रवेश उत्सव एक अभियान है, जिसका उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित न रहे, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने नामांकन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्राथमिकता बताया, वहीं डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने इसे जन-आंदोलन बताते हुए ड्रॉपआउट रोकने पर जोर दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें और साइकिलें वितरित की गईं, जिससे दूर-दराज के बच्चों को स्कूल आने में सुविधा मिले।

### बालिका छात्रावास पहुंचीं ओआईसी प्रवीणा कौशल

करैरा। स्कूल चलें हम अभियान एवं प्रवेश उत्सव-2026 के द्वितीय दिवस पर ओआईसी प्रवीणा कौशल करैरा स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास पहुंचीं। कार्यक्रम का शुभारंभ वीणावादिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रवीणा कौशल ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षित एवं संस्कारवान बेटी दो-दो घरों को सजाती-संवारती है। इसलिए समाज को बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि एक सशक्त परिवार और श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण हो सके।

# अवैध शराब दुकान पर महिलाओं का हंगामा, आबकारी कार्यालय का घेराव

नवभारत न्यूज



**शिवपुरी 2 अप्रैल.** शहर के वार्ड क्रमांक 21 में अवैध रूप से संचालित शराब दुकान के विरोध में गुरुवार को महिलाओं और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में एकत्रित महिलाओं ने आबकारी कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया और होटल ठाठ-बाट के पास खुली शराब दुकान को तत्काल हटाने की मांग उठाई।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुरानी शिवपुरी के महलसराय क्षेत्र में पहले से संचालित दुकान के नाम पर ही आईटीआई तिराहा स्थित होटल ठाठ-बाट के पास दूसरी दुकान खोल दी गई है। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए विभागीय मिलीभगत का मामला भी प्रतीत होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस क्षेत्र में नई दुकान खोली गई है, वह महलसराय सीमा में आता ही नहीं, फिर भी उसी नाम का उपयोग कर दुकान संचालित की जा रही है। मामले को और गंभीर बनाता है दुकान का स्थान। यह दुकान आईटीआई, बीटीआई, गर्ल्स हॉस्टल और मंदिर के पास स्थित है, साथ ही बगल में संकरी गली है जो सैकड़ों परिवारों के आवागमन का मुख्य मार्ग है। महिलाओं ने आशंका जताई कि यहां शराब दुकान खुलने से छात्राओं की सुरक्षा प्रभावित होगी और क्षेत्र का माहौल बिगड़ेगा। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने जिला आबकारी अधिकारी को बाहर बुलाकर जवाब देने की मांग की, लेकिन उनके सामने न आने पर नाराज भीड़ ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। स्थिति को संभालने के लिए वृत प्रभारी विनीत शर्मा ने हस्तक्षेप किया और मौके पर पहुंचकर लोगों से चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और यदि अनियमितता पाई गई तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दुकान हटाई जाएगी। आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। हालांकि, जिला आबकारी अधिकारी ने मामले पर कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। फिलहाल, जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी, लेकिन इस विरोध ने विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# शिवपुरी ने लहराया जीत का परचम, 7 विकेट से पोहरी को हराकर बना चैम्पियन

नवभारत न्यूज



**शिवपुरी 2 अप्रैल.** खेल परिसर स्टेडियम में आयोजित 12वीं विभागीय जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक समापन गुरुवार को हुआ, जिसमें शिवपुरी ब्लॉक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोहरी को 7 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बेमटे के अनुसार 31 मार्च से शुरू हुई इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शिवपुरी और पोहरी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पोहरी टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 136 रन बनाए। टीम की ओर से सत्यप्रकाश ने सर्वाधिक 45 रन, विक्रांत और सुनील तिवारी ने 23-23 रन तथा दीपक ने 15 रन का योगदान दिया। शिवपुरी की ओर से गेंदबाजी में सौरभ चंदेल और गजेंद्र रावत ने 2-2 विकेट झटके, जबकि गिरीश शर्मा ने भी 2 विकेट हासिल किए और यादवेन्द्र चौधरी को 1 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवपुरी टीम ने आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में ही 3 विकेट खोकर 137 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। ओमपुरी गोस्वामी ने शानदार नाबाद 51 रन की पारी खेली, जबकि सौरभ चंदेल ने 32 और संतोष त्यागी ने नाबाद 25 रन बनाकर जीत में अहम भूमिका निभाई। पोहरी की ओर से गेंदबाजी में शिवम तिवारी ने 2 और सुनील ने 1 विकेट लिया। मैच के अंपायर अजय बाथम और अभिषेक श्रीवास्तव रहे, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी फिरोज खान ने निभाई। शिवपुरी टीम की इस शानदार जीत पर जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव सहित राजाबाबू आर्य, महेंद्र सिंह तोमर, बसंत शर्मा, विवेक वर्धन शर्मा, अनिल मलवरिया, राजीव श्रीवास्तव, पुष्पा मिश्रा, राघवेंद्र प्रताप रघुवंशी, संजीव पांडे, मनोज गुप्ता, इंद्रजीत सिंह पाल, नूर मोहम्मद, बृजेश जैन, चंद्रकुमार कुशवाहा, विनय रावत, दीपक मांझी, रेखा शर्मा, कल्पना सोनी, दुर्गा वर्मा, अनीता राठौर, अर्चना माझी, आशीष जाटव सहित अनेक लोगों ने टीम को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कोतवाली पुलिस ने सट्टा संचालक को पकड़ा, दुष्कर्म आरोपी 6 घंटे में गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 2 अप्रैल.** कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को अपराधों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए दो बड़ी कार्रवाइयों में एक ओर सट्टा खिलाने वाले आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा, तो दूसरी ओर दुष्कर्म के आरोपी को महज 6 घंटे में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पहली कार्रवाई में व्हीटीपी स्कूल के सामने शक्तिपुरम खुड़ा क्षेत्र में सट्टा खिलाने की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। मौके से आरोपी अनिल अग्रवाल (60) निवासी आदर्श कॉलोनी को पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से सट्टा पर्चियां, एक पेन और 1800 रुपए नगद बरामद हुए। आरोपी ने पूछताछ में जुर्म स्वीकार कर लिया, जिस पर सट्टा अधिनियम की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। दूसरी बड़ी कार्रवाई में कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के गंभीर मामले में तेजी दिखाते हुए आरोपी पंकज राठौर उम्र 40 वर्ष निवासी संजय कॉलोनी को रिपोर्ट दर्ज होने के मात्र 6 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 64(2)(एम), 351(3) एवं एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। दोनों मामलों में कार्रवाई अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, संजीव मुले एवं संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई। टीआई रोहित दुबे के नेतृत्व में गठित टीम में उपनिरीक्षक सुमित शर्मा, अमित चतुर्वेदी, पूजा घुरैया, प्रधान आरक्षक शैतान सिंह, संतोष बैस, अवतार सिंह तथा आरक्षक रायसिंह, शिवकुमार, अजय यादव, बृजेश जादौन, महेंद्र तोमर, राहुल कुमार, अजीत राजावत सहित अन्य पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।